पावर/टेलीफोन कनेक्शन, कच्चे माल की आपूर्ति, विपणन सुविधा आदि जैसी आधारभूत सुविधाएं प्रदान करते हैं । तथापि, विभिन्न सुविधाओं की सीमा तथा स्वरूप प्रत्येक राज्य में अलग-अलग होता है। भारत सरकार लघु उद्योगों को विपणन में वरीयता तथा लघु उद्योगों में ही निर्माण के लिए मदों के आरक्षण के अलावा उत्पाद-शुल्क में छूट, सावधिक ऋणों पर रियायती ब्याज दर जसे विभिन्न राजकोषीय प्रोत्साहन भी देती है ।

विवरण

केलेण्डर वर्ष 1990 और 1991 के दौरान पंजीकृत सीडो एककों की जिलावार संख्या

क्र० सं०	जिले का नाम	पंजीकृत सीडो एककों की संख्या	
		1990	1991
1.	अहमदाबाद	2093	1754
2.	गांधीनगर	55	113
3.	नाडियाड	329	427
4.	बड़ौदा	367	574
5.	भडौंच	326	363
6.	सूरत	586	724
7.	वलसाद	277	241
8.	वापी	168	249
9.	सुरेन्द्रनगर	146	205
10.	राजकोट	1118	924
11.	जामनगर	354	346
12.	भुज	68	177
13.	भावनगर	298	456
14.	अमरेली	85	157
15.	जूनागढ़	134	337
16.	मेहसाना	266	421
17.	साबरकंठा	156	250
18.	बनासकंठा	179	117
19.	पंचमहल	137	208
	योग :	7142	8043

खादी तथा ग्रामोद्योग का उत्पादन

2985. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा निर्मित वस्तुएं अलोकप्रिय होती जा रही है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है,

(ग) गत तीन वर्षों में खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा निर्मित वस्तुओं की मात्रा कितनी रही है, और

(घ) गत तीन वर्षों में कितने मूल्य की वस्तुएं बेची गई है ?

उद्योग मंत्रालय (लघु उद्योग और कृषि तथा ग्रामीण उद्योग विभाग) में राज्य मंत्री (श्री एम. अरूणाचलम) :
(क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) पिछले तीन वर्ष के दौरान खादी तथा ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन और बिक्री इस प्रकार है :—

(रु० करोड़ में)

	उत्पादन	बिक्री
1989-90	1963.16	2186.73
1990-91	2280.02	2525.14
1991-92	2592.77	2895.33

2986. [*Transferred to 22nd March*, 1993]

Foreign investment in leather industry

2987. SHRI KAMAL MORARKA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government have received any proposals from foreign companies for manufacture of machinery and components for leather industry;